## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–14.01.2025 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने हजारीबाग में मकर संक्रांति मेले का किया उद्‌घाटन, बरकट्ठा स्थित एशिया के सबसे गर्म सूर्यकुंड में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी।
- रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने 1971 युद्ध के पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित, कहा–सरकार पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध।
- राजधानी रांची से 19 जनवरी से कुंभ मेला विशेष ट्रेनों की शुरुआत, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के प्रयास से यात्रियों को मिलेगा सुगम तीर्थाटन का अवसर।
- डालटनगंज के नक्सल प्रभावित चेतमा में जिला प्रशासन ने आयोजित किया सीधा संवाद कार्यक्रम, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और सांसद वीडी राम ने स्थानीय लोगों की समस्याओं को जाना।
- रांची में खेली जा रही महिला हॉकी इंडिया लीग में आज दिल्ली एस जी पाईपर्स का सामना श्राची रार बंगाल टाइगर्स से, रोमांचक मुकाबला जारी।

******************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने हजारीबाग में मकर संक्रांति के अवसर पर 15 दिवसीय सूर्यकुंड मेले का उद्‌घाटन किया। बरकट्ठा प्रखंड में एशिया का सबसे गर्म सूर्यकुंड होने की वजह से लाखों श्रद्धालु यहाँ स्नान करने पहुंचते हैं। मौके पर अन्नपूर्णा देवी ने लोगों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी और कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर मकर संक्रांति पर राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी। राज्यभर में लोग मकर संक्रांति का पर्व आस्था और उल्लास के साथ मना रहे हैं। खूंटी जिले में बाबा आम्रेश्वर धाम समेत विभिन्न मंदिरों में भक्तों ने पूजा पाठ किया और जरूरतमंदों के बीच अन्न दान भी किया।

इधर, दुमका के बासुकीनाथ धाम में हजारों भक्तों ने पूजा–अर्चना की। झारखंड सहित विभिन्न राज्यों के भक्तों ने शिवगंगा में स्नान कर दान–पुण्य किया।

******************

चाईबासा जिले में पतंगबाजी के जरिये लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। वार्ता के क्रम में जनजातीय समाज के उत्थान और विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं और राज्य में उनके प्रभावी कार्यान्वयन के बारे में चर्चा हुई।

******************

आज नौवां सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस है। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मुंबई में गौरव स्तंभ पर माल्यार्पण किया। श्री सेठ ने कहा कि वर्ष 1971 के युद्ध में सेवा देने वाले पूर्व सैनिक हमारे सशस्त्र सेनाओं की ताकत और गौरव हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और पिछले दस साल में पूर्व सैनिकों तथा उनके परिजनों के कल्याण के लिए एक लाख 24 हजार करोड रुपए से अधिक की राशि खर्च की गई है।

******************

प्रयागराज कुंभ मेला के लिए रांची से 19 जनवरी को स्पेशल ट्रेन चलेगी और रांची रेल मंडल से 10 ट्रेनों का परिचालन होगा द्य विभिन्न क्षेत्रों से आकर यह ट्रेन रांची रेलवे स्टेशन से गुजरेंगी, जहां बड़ी संख्या में रांची के लोग कुंभ की यात्रा कर सकेंगे। इसके लिए रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर उनसे चर्चा की थी और इन ट्रेनों के परिचालन को लेकर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार प्रकट किया है।

******************

डालटनगंज जिले के सुदूरवर्ती और नक्सल प्रभावित इलाकों में जिला प्रशासन ग्रामीणों से सीधा संवाद कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसी क्रम में आज पाटन प्रखंड के चेतमा में राज्य के संसदीय कार्य एवं वित्त विभाग के

मंत्री राधाकृष्ण किशोर, पलामू के सांसद विष्णुदयाल राम मुख्य रूप से शामिल हुए और स्थानीय लोगों की समस्याओं को जाना। मौके पर परिसंपत्तियों का वितरण किया गया साथ ही विकास कार्यों की जानकारी दी गई। मौके पर उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, उपविकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सहित कई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

******************

गिरिडीह पुलिस ने बिरनी थाना क्षेत्र में लूटकांड में शामिल 4 कुख्यात अंतर राजीय अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से 55 हजार रूपए नकद, 2 मोटरसाइकिल और 5 मोबाइल समेत लूट का सामान बरामद हुआ। एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने बताया कि ये अपराधी झारखंड और पश्चिम बंगाल में लूट की कई घटनाओं में शामिल थे।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को मौसम की हर स्थिति से निपटने में सक्षम और क्लाइमेट स्मार्ट राष्ट्र बनाने के लिए मिशन मौसम का आज शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारतीय मौसम विभाग के 150वें स्थापना दिवस पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि मिशन मौसम एक स्थायी और भविष्य के लिए तैयार राष्ट्र के निर्माण की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।
इधर रांची मौसम केंद्र में आज बड़े  पैमाने पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

******************

रांची में खेले जा रहे महिला हॉकी इंडिया लीग में आज दिल्ली एसजी पाइपर्स का सामना श्राची रार बंगाल टाइगर्स से हो रहा है। यह मैच शाम छह बजे शुरू हुआ और दोनों टीमो के बीच रोमांचक मुकाबला जारी है।

******समाप्त*******